अवध शिल्पग्राम में ओडीओपी प्रदर्शनी आज से

राज्य मुख्यालय। अवध शिल्प ग्राम में शुक्रवार से लगने वाली प्रदर्शनी में चिकनकारी, जरी व जरदोजी के ४० स्टाल लगेंगे। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत ये प्रदर्शनी लग रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सत्यदेव पचौरी ने बताया कि इसमें ऋण वितरण मेगा कैम्प लगाकर लोगों को ऋण दिया जायेगा। उत्पादों की उचित मार्केटिंग के लिए बायर सेलर मीट भी होगी। प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से लखनऊ, उन्नाव, चन्दौली, ललितपुर, कासगंज, बरेली व बदायूं के चिकनकारी, जरी, जरदोजी कारीगर शामिल होंगे।